लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 26 March 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### एलयूआरएन के लिए पंजीकरण शुरू

लखनऊ। लविवि की ओर से कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले से पहले लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) के लिए शनिवार शाम को पोर्टल खोल दिया गया। रजिस्ट्रेशन नंबर पाने के लिए दाखिले अभ्यर्थी को लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर जरुरी जानकारियां भर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए सौ रुपये शुल्क देना होगा। रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट होने के बाद ही अभ्यर्थी का लविवि या उससे जुड़े हुए किसी महाविद्यालय में प्रवेश हो पाएगा। (संवाद)

### विवि की तरक्की देख खुश हुईं पूर्व छात्रा



लखनऊ। लविवि के समाजशास्त्र विभाग की पूर्व छात्रा कृष्णा भान शनिवार को 62 साल के बाद अपने विभाग पहुंचीं। विवि के बदले हुए स्वरूप को देखकर वे फूली नहीं समाईं। उन्होंने 1957 शैक्षणिक वर्ष में समाजशास्त्र में परास्नातक पास किया था। कृष्णा भान ने बताया कि प्रो. एके सरन और प्रो. टीएन मदन उनके गुरु थे। विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि परास्नातक के बाद वे ब्रिटेन में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहीं। वे एलयू के पूर्व छात्र एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा व पीएचडी छात्रों व संकाय सदस्यों से मिलीं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### दो छात्र न्यायिक सेवा में चयनित

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के छात्र नीरज यादव ने अभियोजन अधिकारी की परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल की है। वहीं विधि संकाय की ही कहकशां ने दिल्ली ज्यूडीशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक पाई है। छात्रों के न्यायिक सेवा में चयनित होने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और विभागाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

## NBT PAGE 9

### एलयू के दो शोधार्थियों का चयन हुआ

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के विधि संकाय के दो शोधार्थियों का चयन दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विस और दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर हुआ है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने शनिवार को बताया कि एलयू की शोधार्थी कहकशां जबीन ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक प्राप्त की, वहीं एक और शोधार्थी नीरज यादव ने दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल की। इसके अलावा औरैया के अक्षय प्रकाश का चयन दिल्ली हाईकोर्ट में सिविल जज के तौर पर हुआ है।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू के दो स्टूडेंट्स का हुआ चयन

LUCKNOW : संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के नीरज यादव ने 13वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है. वहीं, विधि संकाय की शोध छात्रा कहकशां जबीन ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक हासिल कर विश्वविद्यालय तथा विधि संकाय को मान बढ़ाया.

### योग व तनाव प्रबंधन पर किया जागरूक

LUCKNOW : एलयू के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं यूथ काउंसलिंग सेंटर समाज कार्य विभाग की ओर से शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं लाइफ स्किल विषय पर कार्यशाला हुई. पब्लिक हेल्थ एंड कम्युनिटी मेडिसिन की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मोहिनी गौतम ने दैनिक दिनचर्या, योग एवं तनाव प्रबंधन पर जागरूक किया.

## HINDUSTAN PAGE 8

### कई कॉलेजों में एक एलयूआरएन से आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2023-24 में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए शनिवार को एलयूआरएन पोर्टल को शुरू कर दिया गया है। अब छात्र lurn.lkouniv.ac.in/app/ वेबसाइट पर अपनी सभी जानकारियां दर्ज कर और 100 रुपये शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करके अपना एलयूआरएन नंबर जनरेट कर सकते हैं।

### दिल्ली ज्युडिशियल सर्विस में छात्रा की 17 रैंक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के दो विद्यार्थियों का दिल्ली ज्युडिशियल सर्विस और एक छात्र का चयन दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में हुआ है। छात्रा कहकशां जबीन ने दिल्ली ज्युडिशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक प्राप्त की। वहीं नीरज यादव ने दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल की।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विश्वविद्यालय के होनहार बने जज व अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के दो विद्यार्थियों का दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विस और एक छात्र का चयन दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में हुआ है। छात्रा कलकशा जबीन ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक प्राप्त की। वहीं नीरज यादव ने दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल की। साथ ही मूलतः ओवा जिले के रहने वाले विद्यार्थी अक्षय प्रकाश का भी चयन दिल्ली हाईकोर्ट में सिविल जज के तौर पर हुआ है। अक्षय ने बताया कि मैंने एलयू से 5 वर्षीय एलएलबी डिग्री ली है। निरंतर मेहनत, अध्ययन, मनन एवं लेखन की प्रैक्टिस ही सफलता दिलाती है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और अधिमाता छात्र कल्याण नमन ने छात्रों का बधाई दी। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि इससे। संकाय का सम्मान बढ़ता है और छात्रों को आगे बढ़ाने से मार्गदर्शन मिलता है।

### समाजशास्त्र विभाग की पूर्व छात्रा ने किया दौरा

लखनऊ : विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की पूर्व छात्रा कृष्णा भान ने 62 वर्षों के बाद समाजशास्त्र विभाग का दौरा किया। प्रो. ए.के सरन और प्रो. टी.एन. मदन उनके प्रोफेसर और गुरु थे। उन्होंने 1957 शैक्षणिक वर्ष में 'समाजशास्त्र में परास्नातक' पास किया। वे ब्रिटेन में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्यरत थीं। उन्होंने एलयू अल्मुनि एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा के साथ पीएचडी छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की।

### इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन

लखनऊ : लखनऊ विश्व विद्यालय के द्वितीय परिसर में अयोजित इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस सफलता पूर्वक समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में विधि त्रिवर्षिय एवं पंचवर्षिय पाठ्यक्रम के छात्रों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को विधि क्षेत्र में कुशल वक्ता बनाती है। विधि संकाय के अधिष्ठाता एवम विभागाध्यक्ष प्रो ( डॉ) बंशीधर सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। साथ ही मूट कोर्ट एसोसिएशन के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ राधेश्याम प्रसाद के नेतृत्व में मूट कोर्ट एसोसिएशन के स्टूडेंट कन्वेनर हेमंत पांडेय एवं उनकी टीम इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जुटी हुई है।

## VoL PAGE 6

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता में छात्रों ने लिया हिस्सा

लखनऊ। लविवि के द्वितीय परिसर में आयोजित इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस शनिवार को सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्रों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को विधि क्षेत्र में कुशल वक्ता बनाती है। विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही मूट कोर्ट एसोसिएशन के फैकल्टी कोऑडिनेटर डॉ राधेश्याम प्रसाद के नेतृत्व में मूट कोर्ट एसोसिएशन के स्टूडेंट कन्वेनर हेमंत पाण्डेय एवं उनकी टीम इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जुटी।

### लविवि के नीरज और कहकशां ने मारी बाजी

लखनऊ। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के नीरज यादव ने 13 वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। विधि संकाय की ही कहकशां जबीन ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज मे 17वीं रैंक हासिल कर विश्वविद्यालय तथा विधि संकाय को गौरवान्वित किया है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने दोनो छात्रों को अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं मे उच्च रैंक के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। लविवि विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने भी दोनों छात्रों को बधाई दी और कहा इससे संकाय का सम्मान बढ़ता है और छात्रों को आगे बढाने से मार्गदर्शन मिलता है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : 62 साल बाद अपना विभाग देखने पहुंचीं पूर्व छात्रा कृष्णा भान



पूर्व छात्रा कृष्णा भान 62 साल बाद शनिवार को लंदन से यहां अपना विभाग देखने पहुंचीं। विभाग के हेड प्रो.डीआर साहू ने उनका स्वागत किया ● सौजन्य : विभाग

जासं, लखनऊ : लवि से वर्ष 1955-57 तक एमए समाज शास्त्र की पढ़ाई करने वाली पूर्व छात्रा कृष्णा भान 62 साल बाद लंदन से यहां अपना विभाग देखने के लिए शनिवार को पहुंचीं। विभाग में आते ही उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। ढाई घंटे रुक कर उन्होंने समाजशास्त्र विभाग के साथ टैगोर लाइब्रेरी, एंथ्रोपोलाजी का संग्रहालय भी देखा। विभाग के शोध छात्रों से बात की।

**1955-57**
में की थी लखनऊ विश्वविद्यालय में एमए समाजशास्त्र की पढ़ाई

समाज शास्त्र विभाग के हेड प्रोफेसर डीआर साहू ने बताया कि पूर्व छात्रा कृष्णा भान ने 1955 में एमए समाजशास्त्र में प्रवेश लिया था। तब वह कश्मीर की रहने वाली थीं। एक महीने पहले उन्होंने ई-मेल के जरिए विश्वविद्यालय और विभाग देखने की इच्छा जाहिर की थी। उसी सिलसिले में शनिवार को दोपहर दो बजे वह समाजशास्त्र विभाग पहुंचीं। उन्होंने बताया कि कैलाश छात्रावास में रहकर 1957 में एमए समाजशासत्र से किया था। उस समय प्रो. एके सरन और प्रो. टीएन मदान उनके प्रोफेसर और संरक्षक थे। वह ब्रिटेन में शिक्षा के विभिन्न पदों पर थीं।

उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा के साथ पीएचडी छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। वह लंदन से बिस्कुट और चाकलेट भी लेकर आईं थीं। उन्होंने विभाग के लिए कुछ सहयोग करने की अपेक्षा जाहिर की है।

### दो विद्यार्थियों का चयन

लखनऊ : संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित दिल्ली लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के नीरज यादव ने 13वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। वहीं, विधि संकाय की शोध छात्रा कहकशां जबीन ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज में 17वीं रैंक हासिल कर विश्वविद्यालय तथा विधि संकाय का मान बढ़ाया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अधिष्ठाता छात्रकल्याण प्रो. पूनम टंडन व विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने दोनों को बधाई दी। दोनों विद्यार्थी विधि संकाय के शोधार्थी हैं। (जासं)

### महिला एंटरप्रेन्योरशिप पर हुई विशेष चर्चा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में शनिवार को महिला एंटरप्रेन्योरशिप पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। महिला एंटरप्रेन्योरशिप में होने वाली समस्याओं एवं उनके निदान पर सह-संस्थापक थिंकिंग स्प्री, गुरुग्राम (हरियाणा) साक्षी अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं को बहुआयामी होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर औषधि शिक्षण संस्थान के निदेशक डा. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, हिमांशु कुमार शुक्ल, जीशान अली सिद्दीकी भी उपस्थित रहे। (जासं)

## THE PIONEER PAGE 3

### LECTURE

The department of chemistry, Lucknow University, organised its 11th lecture in the 'Alumni Lecture Series'. The lecture was delivered by Vinay Pande, an alumnus of MSc (Chemistry), 1984 batch. He was the headmaster of The Lawrence School (Sanwar, Himachal Pradesh) and is currently a freelance educational motivator in Dehradun. Pande shared his experiences during his stints at The Lawrence School. He said that a good teacher should be a good actor as well. Only subject knowledge is not enough to make teaching and learning effective and enjoyable," he said. He also gave a wide overview about the role of theatre in education and broadly divided the impact of theatre on teaching into ten broad categories.

## TOI PAGE 3

### City students clinch top ranks in law exams

Times News Network



Juhi Anand, Neeraj Yadav, Kahkashan Jabin

**Lucknow:** Two law students of the Lucknow University have clinched top ranks in national-level examinations on Saturday.

A research scholar from LU's law faculty, Neeraj Yadav, bagged 13th rank in the prosecuting officer examination conducted by the Union Public Service Commission while another law student, Kahkashan Jabin, bagged 16th rank in Delhi Judicial Services Examination.

"After my LLM from LU, I got enrolled in PhD and have been preparing for this prestigious examination since then. I was expecting a good rank but figuring in top 15 is like a dream come true. Every law student who wants to achieve success should be consistent in one's effort and should not be afraid of failures," Neeraj said.

"I have appeared for numerous interviews for government jobs. Finally, I have achieved success," he added.

"Law is a field where rote learning does not work and one should have the concepts clear. Also, it is important that one keeps a close eye on all legal developments and current affairs to get a good rank," said Kahkashan.

"I have been preparing for the examination for the last five years. Consistency and hardwork is a must for cracking any national-level examination," she said.

Meanwhile, a former student of the Dr Ram Manohar Lohia National Law University, Juhi Anand, bagged 94th rank. Juhi is currently posted as a legal officer at National Thermal Power Corporation, Singrauli (Sonbhadra).

She topped the PG entrance exam of CLAT last year. Juhi's father Shivanand was the chief judicial magistrate in Lucknow from 2017-2021. He is currently posted as ADJ, Kanpur Dehat.

## LOKSATYA PAGE 3

### महिला एंटरप्रेन्योरशिप एवं महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

लखनऊ, लोकसत्य



एलयू सेकेंड कैम्पस में लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.के सिंह के संरक्षण में महिला एंटरप्रेन्योरशिप पर विशेष चर्चा आयोजित हुई।

जिसमें महिला एंटरप्रेन्योरशिप में होने वाली समस्याओं एवं उनके निदान पर विशेष चर्चा सुश्री साक्षी अग्रवाल (सह-संस्थापक थिंकिंग स्प्री, गुरुग्राम (हरियाणा)) द्वारा की गई। जिन्होंने अपने एंटरप्रेन्योरशिप कैरियर के अनुभव के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को बहुआयामी होने हेतु प्रेरित किया। औषधि शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संयोजन संकाय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक इंजीनियर हिमांशु कुमार शुक्ल, जीशान अली सिद्दीकी व विद्यार्थियों ने किया।